प्रश्नपत्र संख्या
25 10 1

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

# अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

विद्यालय का नाम – ................................................................................ राज्य ..........................

प्रतियोगी का नाम – ................................................... ह० ..................... अनुक्रमांक: .....................

**कुल समय : 1 घंटा** | **कक्षा-दसवीं** | **कुल अंक: 100**

**निर्देश:** 1) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनिए।
2) प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।
3) किसी प्रश्न का उत्तर न देने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।
4) एक से अधिक उत्तर देने पर या गलत उत्तर देने पर (–½) नकारात्मक अंक दिए जाएँगे।

**परीक्षा उपरांत प्रश्न पत्र एवं उत्तर पत्रिका कक्ष निरीक्षक को दें।**

**प्रश्न 1. देवनागरी लिपि की क्या विशेषता है?**
(क) यह बाएं से दाएं लिखी जाती है
(ख) यह दाएं से बाएं लिखी जाती है
(ग) इसमें मात्राएँ नहीं होती हैं

**प्रश्न 2. भाषा के विकास की प्रक्रिया में कौन-सा क्रम सही है?**
(क) शब्द, वाक्य, ध्वनि (ख) ध्वनि, वाक्य, शब्द (ग) ध्वनि, शब्द, वाक्य

**प्रश्न 3. 'ह' वर्ण किस वर्ग का व्यंजन है?**
(क) तालव्य (ख) ऊष्म (ग) मूर्धन्य

**प्रश्न 4. वर्ण विच्छेद किसके आधार पर किया जाता है?**
(क) शब्दार्थ के आधार पर (ख) व्याकरण के आधार पर (ग) उच्चारण के आधार पर

**प्रश्न 5. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द आगत स्वरयुक्त है?**
(क) अनुभव (ख) ऑफिस (ग) अवसर

**प्रश्न 6. नुक्ता किसके लिए प्रयोग किया जाता है?**
(क) मात्रा बताने के लिए
(ख) विराम चिह्न के लिए
(ग) विदेशी ध्वनियों को प्रकट करने के लिए

**प्रश्न 7. चंद्रबिंदु किस ध्वनि को दर्शाता है?**

(क) नासिक स्वर (ख) तालव्य (ग) व्यंजन

**प्रश्न 8. संसार में प्रयुक्त चिह्न कौन-सा है?**

(क) नुक्ता (ख) विसर्ग (ग) अनुस्वार

**प्रश्न 9. कुछ लोग <u>धीरे-धीरे बात करते हुए</u> जा रहे थे। (रेखांकित पदबंध के प्रकार का सही विकल्प चुनिए)**

(क) क्रिया विशेषण पदबंध (ख) क्रिया पदबंध (ग) विशेषण पदबंध

**प्रश्न 10. दो या दो से अधिक वाक्य किसी सामानाधिकरण समुच्चयबोधक से जुड़े हों तो वे किस प्रकार के वाक्य कहलाते हैं?**

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य (ग) मिश्र वाक्य

**प्रश्न 11. यदि राम मेहनत करता, तो उसे सफलता अवश्य मिलती। (रचना की दृष्टि से यह किस प्रकार का वाक्य है)**

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य (ग) मिश्र वाक्य

**प्रश्न 12. स्वर संधि के कितने भेद होते हैं?**

(क) चार (ख) पांच (ग) छः

**प्रश्न 13. 'व्याख्या' का संधि विच्छेद है।**

(क) वि+आख्या (ख) व्य+आख्या (ग) व्या+ख्या

**प्रश्न 14. 'सुडौल' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?**

(क) स (ख) सुड (ग) सु

**प्रश्न 15. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द उपसर्ग से युक्त नहीं है?**

(क) आगमन (ख) आम (ग) आजीवन

**प्रश्न 16. 'झपकी' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है-**

(क) की (ख) पकी (ग) ई

**प्रश्न 17. शब्दों के अंत में जोड़े जाने वाले शब्दों को क्या कहते हैं?**

(क) प्रत्यय (ख) उपसर्ग (ग) वर्ण

**प्रश्न 18. समस्त पद का दूसरा पद कहलाता है-**

(क) पूर्व पद (ख) उत्तर पद (ग) सामासिक पद

**प्रश्न 19. 'सत्याग्रह' में समास है-**

(क) बहुव्रीहि समास (ख) कर्मधारय समास (ग) तत्पुरुष समास

**प्रश्न 20. द्रव्यवाचक तथा समूहवाचक संज्ञाएँ किस संज्ञा के अंतर्गत आती हैं?**

(क) जातिवाचक संज्ञा (ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा (ग) भाववाचक संज्ञा

**प्रश्न 21. निम्नलिखित में भाववाचक संज्ञा है-**

(क) बुद्धिमान (ख) राष्ट्रीय (ग) औदार्य

**प्रश्न 22. क्रिया के होने के स्थान या काल को बताने वाला कारक कौन-सा कारक कहलाता है?**

(क) संप्रदान कारक (ख) अधिकरण कारक (ग) अपादान कारक

**प्रश्न 23. 'वह बस से जा रहा है' - रेखांकित में कौन-सा कारक है?**

(क) करण कारक (ख) संप्रदान कारक (ग) संबंध कारक

**प्रश्न 24. तुम्हें क्या चाहिए? (वाक्य में कौन सा सर्वनाम है?)**

(क) निश्चयवाचक (ख) प्रश्नवाचक (ग) संबंध वाचक

**प्रश्न 25. संदिग्ध भूतकाल का उदाहरण है-**

(क) मोहन आया होगा

(ख) राम ने रोटी खाई

(ग) यदि रोहित आता तो मोहित आता

**प्रश्न 26. विशेषण शब्द जिन संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताते हैं, उन्हें क्या कहा जाता है?**

(क) प्रविशेषण (ख) विशेष्य (ग) सर्वनाम

**प्रश्न 27. वे क्रियाएँ जो संज्ञा या विशेषण से बनती हैं, कहलाती हैं-**

(क) संयुक्त क्रिया (ख) नामधातु क्रिया (ग) रंजक क्रिया

**प्रश्न 28. तुलना के आधार पर विशेषण की कितनी अवस्थाएं होती हैं?**

(क) दो (ख) तीन (ग) चार

**प्रश्न 29. मूल शब्दों योग से बने शब्द कहलाते हैं-**

(क) योगरुढ़ (ख) रुढ़ (ग) यौगिक

**प्रश्न 30. हिंदी भाषा में भविष्यत् काल के कितने भेद माने गए हैं?**

(क) तीन (ख) दो (ग) छः

**प्रश्न 31. क्रिया के मूलअंश को क्या कहते हैं?**

(क) वर्ण (ख) विशेषण (ग) धातु

**प्रश्न 32. भाववाच्य वाला वाक्य छाँटिए -**

(क) रमेश पढ़ चुका है (ख) अब चला जाए (ग) पत्र भेज दिया गया है

**प्रश्न 33. निम्नलिखित में से मछली का पर्यायवाची नहीं है-**

(क) झष (ख) सहरी (ग) कदर्य

**प्रश्न 34. 'शत्रु का नाश करने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-**

(क) शत्रुघ्न (ख) आद्योपांत (ग) शैव

**प्रश्न 35. जहां एक ही शब्द दो या दो से अधिक अर्थ दें, वहां कौन-सा अलंकार होता है?**

(क) यमक (ख) अनुप्रास (ग) श्लेष

**प्रश्न 36. 'मुद्रा' शब्द का अनेकार्थी है-**

(क) शक्ति (ख) आकृति (ग) माया

**प्रश्न 37. परिणाम और प्रणाम का सही अर्थ है-**

(क) नमस्कार और नतीजा (ख) शक्ति और नमस्कार (ग) नतीजा और नमस्कार

**प्रश्न 38. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य छाँटिए-**

(क) आप यहाँ बैठो। (ख) आप यहाँ बैठिए। (ग) आप यहाँ बैठ जाओ।

**प्रश्न 39. निम्नलिखित में से कौन-सा भेद क्रियाविशेषण का नहीं है-**

(क) निजवाचक (ख) परिमाणवाचक (ग) रीतिवाचक

**प्रश्न 40. 'करुण रस' किस स्थिति से उत्पन्न होता है?**

(क) युद्ध की तैयारी से (ख)प्रेमी-प्रेमिका के मिलन से (ग) दुखद घटनाओं से

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

आज के युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता तेज़ी से विकास कर रही है। यह तकनीक अब केवल विज्ञान कथा की कल्पना नहीं रही, बल्कि हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुकी है। ए.आई. का प्रयोग अब फैक्ट्रियों के अलावा स्कूलों, अस्पतालों, बैंकों, परिवहन सेवाओं और यहाँ तक कि घरों में भी हो रहा है। यह तकनीक कंप्यूटर और मशीनों को सोचने, निर्णय लेने और मनुष्यों के जैसे व्यवहार करने में सक्षम बनाती है। ए.आई. की सहायता से अनेक कार्य अधिक तेज, सुरक्षित और सटीक हो गए हैं। चिकित्सा क्षेत्र में जटिल रोगों की पहचान, शिक्षा में व्यक्तिगत सीखने की प्रक्रिया, और यातायात में स्वचालित गाड़ियों का संचालन इसके उदाहरण हैं। लेकिन इसके साथ कुछ चुनौतियाँ भी सामने आ रही हैं। ए.आई. के कारण अनेक परंपरागत नौकरियाँ समाप्त हो रही हैं जिससे बेरोजगारी बढ़ सकती है। साथ ही, यदि मनुष्य ने विवेक खो दिया और तकनीक पर पूरी तरह निर्भर हो गया, तो यह संवेदनहीन समाज को जन्म दे सकती है, इसलिए जरूरी है कि ए.आई. का उपयोग सोच-समझकर किया जाए। तकनीक का लाभ तभी सार्थक होगा जब हम मानवीय मूल्यों, करुणा और विवेक को बनाए रखें।

**प्रश्न 41. ए.आई. क्या है?**

(क) एक प्रकार की बीमारी

(ख) एक तकनीक जो मशीनों को सोचने योग्य बनाती है

(ग) एक कंप्यूटर गेम

**प्रश्न 42. ए.आई. से कौन-सी सुविधा मिलती है?**

(क) काम धीमे होते हैं

(ख) केवल मनोरंजन होता है

(ग) कार्य तेज और सटीक होते हैं

**प्रश्न 43. ए.आई. के कारण कौन-सी सामाजिक समस्या उत्पन्न हो सकती है?**

(क) बेरोजगारी (ख) शिक्षा की कमी (ग) युद्ध

**प्रश्न 44. लेखक के अनुसार ए.आई. का सही उपयोग केसे किया जाना चाहिए?**

(क) जितना अधिक, उतना बेहतर

(ख) केवल लाभ के लिए

(ग) विवेक और मानवीय मूल्यों के साथ

**प्रश्न 45. यदि ए.आई. का विवेक पूर्ण उपयोग न हो तो क्या खतरा है?**

(क) इंटरनेट बंद हो जाएगा

(ख) संवेदनहीन समाज बन सकता है

(ग) मोबाइल बंद हो सकते हैं

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

छोड़ो मत अपनी आन, सीस कट जाए, मत झुको अत्याचारों के सामने।
माँ को सदा याद रखो रण में, शौर्य बढ़े माँ के शुभ नाम से।
कदम कदम पर बलिदान करें, देश भक्त जीवन सार बनाएं।
माँ का स्वाभिमान न हो जाए घायल, प्राणों से भी प्यारा राष्ट्र बचाएं।
जो चले थे लेकर दीप शहीदी, उनके पथ पर हम भी तो चलें।
आग लगे चाहे तन में, मन में, सच के दीपक को न हम जलें।
राष्ट्र हेतु जीना और मरना, हर भारतवासी का धर्म बने।
छोड़ो मत अपनी आन, सीस कट जाए, मत झुको अत्याचारों के सामने।

**प्रश्न 46. 'छोड़ो मत अपनी आन, सीस कट जाए' - इस पंक्ति से क्या संदेश मिलता है?**

(क) झुक जाना चाहिए

(ख) जान बचानी चाहिए

(ग) आत्मसम्मान की रक्षा प्राण देकर भी करनी चाहिए

**प्रश्न 47. कवि रणभूमि में किसका स्मरण करने की बात करता है?**

(क) माँ का (ख) गुरु का (ग) देशवासियों का

**प्रश्न 48. 'कदम कदम पर बलिदान करें' - का आशय क्या है?**

(क) युद्ध टालें

(ख) हर बार झगड़ा करें

(ग) देश के लिए जीवन बलिदान करें

**प्रश्न 49. कवि के अनुसार भारतवासी का धर्म क्या होना चाहिए?**

(क) राष्ट्र हेतु जीना और मरना

(ख) विदेश हेतु जीना और मरना

(ग) परिवार हेतु जीना और मरना

**प्रश्न 50. दीप शहीदी का क्या अर्थ है?**

(क) शहीदों द्वारा जलाया गया दीपक

(ख) युद्ध में बुझा दीपक

(ग) बलिदान की प्रेरणा देने वाला प्रकाश